तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 6 अप्रैल 2025




14 तीन चरणों में होगा सुशासन तिहार, प्रथम चरण ...



14 अष्टमी पर हुआ हवन, भक्तिमय हुआ वातावरण



## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

## खबर संक्षेप

### मोहरा में तीन दिवसीय रामायण 8 अप्रैल से

**हिरमी-रावन।** ग्राम मोहरा में श्रीराम भक्त परिवार के तत्वावधान में 8 से 11 अप्रैल तक तीन दिवसीय रामायण समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन हिंदू नववर्ष, रामनवमी एवं हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। समारोह के अंतर्गत भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समस्त ग्रामवासी एवं श्रद्धालु साज–सज्जा के साथ सम्मिलित होंगे। सभी मानस मंडलियों से अनुरोध है कि वे अपनी–अपनी टोली के साथ सज–धज कर पधारें। प्रत्येक मानस मंडली को आयोजन समिति की ओर से 701 रुपए व श्रीफल भेंट कर ▸▸ शेष पेज 13 पर

**पर्व : अष्टमी पर मातागढ़ तुरतुरिया में भक्तों की उमड़ रही भीड़, यहां आस्था के जलाये गये हैं ज्योत**

# अष्टमी पर दंडवत प्रणाम करते श्रद्धालु पहुंचे माता के दरबार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

चैत्र नवरात्रि के शुरू होते ही तुरतुरिया के मातागढ़ में माता के दर्शन के लिए लोग ज्यादा संख्या में पहुंचते हैं। शनिवार को अष्टमी के दिन तुरतुरिया के मातागढ़ मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। शनिवार को यहां भक्त दंडवत प्रणाम करते हुए माता के दरबार में दर्शन करने पहुंचे। यहां आस्था की ज्योत भी जलाई गई है। आसपास गांव के अलावा यहां दूर-दूर से भक्त माता के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। गौरतलब है कि यहां माता के भक्तों द्वारा भंडारा भी कराया जा रहा है। साथ ही गर्मी के मद्देनजर पानी और शरबत भी भक्तों को बांटा जा रहा है। विकासखंड अंतर्गत शक्ति पीठ मातागढ़-तुरतुरिया में चैत्र नवरात्रि पर दीप ज्योति प्रज्ज्वलित किए गए हैं। श्रद्धालुओं द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार तुरतुरीया मातागढ़ में तेल और घी के दीपक आस्था स्वरूप जलाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष पौष पूर्णिमा में यहां 3 दिवसीय मेले का आयोजन होता है।











## मुंडा पंचायत में मनाया गया अष्टमी का पर्व



**बलौदाबाजार।** ग्राम पंचायत मुंडा शनिवार को अष्टमी का पर्व मनाया गया, जिसमें पंचायत के महामाया मंदिर, कन्हैया लाल साहू, किरीत वर्मा के यहां ज्योत जंवरा कार्यक्रम रखा गया है। इसमें गांव का माहौल भक्ति बना हुआ है। शाम होते ही भक्तजन मदार की थाप पर सेवा जसगीत गाते हुए माता की सेवा करते रहे शनिवार को अष्टमी का पावन पर्व मनाया गया। महामाया मंदिर कन्हैया साहू, किरित वर्मा के यहां महाराज विजय पांडे द्वारा हवन पूजन किया गया, जिसमें चिंता सेन, सुधीर पांडे, खगेश वर्मा, रांमूलाल वर्मा, धनेश साहू, दिलीप साहू, कन्हैयालाल साहू, नंदलाल साहू, राजेंद्र साहू, बलभद्र साहू, डॉ. परमेश्वर साहू, हरि साहू और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## महाअष्टमी पर हुआ हवन पूजन, रामनवमी आज

**पलारी।** चैत्र नवरात्रि पर समूचा अंचल माता रानी की सेवा में लीन रहा। भक्त के नौ दिनों तक उपवास रहकर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए, वहीं नगर पलारी सहित ब्लाक के प्रत्येक गांव में देवी देवालयों में ज्योत जंवारा स्थापित किया गया। इसके अलावा मनोकामना घरों में भी जंवारा और ज्योत कलश प्रज्ज्वलित की गई। शनिवार को महाअष्टमी पर विधि विधान से हवन पूजन और शांती कार्यक्रम का आयोजन कर समस्त देवी देवताओं का आह्वान किया गया। रविवार को सामूहिक रूप से जंवारा विसर्जन कार्यक्रम किया जाएगा पश्चात हर्षोल्लास के साथ रामनवमीं पर्व मनाया जाएगा।



## मां परमेश्वरी मंदिर में हुआ हवन, उमड़े भक्त



**खरोरा।** देवांगन समाज की कुलदेवी मां परमेश्वरी मन्दिर केशला में विधि–विधान के साथ हवन–पूजन सम्पन्न हुआ। सामाजिकजनों एवं ग्रामीणों के सहयोग से शक्ति स्वरूपा माता रानी का पूजन अनुष्ठान किया गया। इस अवसर पर परम्परानुसार नौ कन्या पूजन और प्रसादी वितरण किया गया। शुभमुहूर्त में मंदिर समिति के सदस्य व देवांगन समाज के सदस्य तथा ग्रामवासियों की उपस्थिति में हवन–पूजन कार्य सम्पन्न किया गया। इस दौरान वरिष्ठ सामाजिक बन्धुओं, मंदिर समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में पहुंचे सामाजिकजनों, मातृ शक्तियों व छोटे–छोटे बच्चों ने पूरी श्रद्धा भाव के साथ हवन–पूजन, प्रसादी वितरण सहित समस्त कार्यों में बढ़ चढ़कर अपनी ▸▸ शेष पेज 13 पर

## आग से पैरावट खाक, बड़ी दुर्घटना टली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल



समीपस्थ ग्राम पंचायत पिसीद में पैरावट में आग लगने से पैरा जलकर राख हो गया। वही आस पास घरों में आग नहीं फैलने से बड़ी हानि होते होते बच गई।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम करीब साढ़े सात बजे तूफान चल रहा थी, उसी समय पिसीद के पूर्व सरपंच राम रतन पटेल के घर पैरावट में अचानक आग लग गई, जिसे आनन फानन में टुल्लू पंप से बुझाने कोशिश की गई। वहीं फायर ब्रिगेट को भी सूचना दी गई, जिसके कुछ देर बाद फायर ब्रिगेट की टीम पहुंची और आग को बुझाया गया। ज्ञात हो कि जिस जगह पैरावट में आग लगी थी, वहां आस पास घर भी है, साथ ही तूफान चल रही थी, जिसके कारण ग्रामीण काफी डर गए थे और देखते ही देखते काफी भीड़ लग गई थी। लोगों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेट की टीम को सूचना दी।



### नवधा रामायण के प्रारंभ पर निकाली कलश यात्रा

**पलारी।** ग्राम कोसमंदा में 4 से 13 अप्रैल तक अखंड नवधा रामायण समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विधिवत शुभारंभ शुक्रवार को दीप प्रज्वलित कर किया गया। ग्राम के सभी देवी देवताओं का आह्वान करते हुए कलश यात्रा निकाली गई। समारोह में दूर-दराज की मानस मंडली भाग ले रही है।

### कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**रायपुर।** धमतरी के अर्जुनी थाने में दुर्गेश कठोलिया की हुई मौत के लिए कांग्रेस ने जांच समिति बनाई है। इसमें विधायक कुंवर सिंह निषाद को संयोजक बनाया गया है। इसी के साथ दुलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, संगीता सिन्हा, अंबिका मरकाम, ओंकार साहू और शरद लोहाना को सदस्य बनाया गया है।






**खेल मंत्री स्कूली बच्चों के समर कैम्प में हुए शामिल**

# बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा शनिवार को स्कूल शिक्षा तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला ऑडिटोरियम में स्कूली बच्चों के आयोजित समर कैम्प एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को रोजगार, खेल के क्षेत्र में सुविधाएं के साथ ही कला, साहित्य, संस्कृति के क्षेत्र में फोकसा कर उनके चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश के 3 युवाओं को दिल्ली में युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला। युवाओं को दिशा और अवसर देने की जरूरत है। ▸▸ शेष पेज 13 पर



### तीन शिक्षक ज्ञानदीप सम्मान से सम्मनित

इस अवसर पर जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के विजेता एवं उप विजताओं को चेक एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण अंतर्गत तीन शिक्षकों को ज्ञानदीप सम्मान से सम्मनित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### बिना लक्ष्य तय किये मंजिल नहीं मिलती

पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि लक्ष्य पर ध्यान देना बहुत जरुरी हैं। आज के दौर में सोशल मीडिया का सही उपयोग, दोस्तों एवं वातावरण भी चुनौती। इन सबसे पार पाना जरुरी है। उन्होंने कहा कि बिना लक्ष्य तय किये मंजिल नहीं मिलती। चुनौती बहुत हैं लेकिन उनका सामना करने की हिम्मत रखना होगा। जिस फिल्ड मे जाना चाहते हो, उसके टॉप मे पहुेचने का लक्ष्य रखें। डीएफओ मयंक अग्रवाल एवं सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने भी अपने अनुभव साझा दिये। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के जिज्ञासाओं को भी शांत किया गया।

## खबर संक्षेप



### कायस्थ समाज ने किया श्रीवास्तव का अभिनंदन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कायस्थ समाजजन नागरिक आपूर्ति निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव को बधाई व शुभकामनाएं देने उनके निवास पर शुक्रवार को अपरान्ह 12 बजे पहुंचे। उपस्थितजनों ने कहा कि इससे कायस्थ समाज गौरवान्वित हुआ है। आप राजनीति में उन्नति करें, कहीं न कहीं समाज को इससे प्रेरणा और पहचान मिलेगी। इस दौरान रज्जन श्रीवास्तव, प्रमोद खरे, प्रदीप वर्मा, अशोक श्रीवास्तव, दिलीप वर्मा, विवेक श्रीवास्तव, राकेश वर्मा, अमित श्रीवास्तव, संदीप वर्मा, निर्मल निगम, यतीश श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव, सुषमा श्रीवास्तव एवं अमृता श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### एड एजेंसी एसोसिएशन ने महापौर से की सौजन्य भेंट



**रायपुर।** एडवरटाइजिंग एजेंसीज एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ ने एसोसिएशन के संरक्षक शिवाजी मथानी, अजय जैन के नेतृत्व में रायपुर की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे से सौजन्य मुलाकात कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अध्यक्ष ओंकार सिंह, महासचिव अफसर खान, राजेश दुग्गड़, इंदिरा जैन, मनमोहन पारख, प्रबोध जैन, विजय घोष, वैभव जैन इत्यादि उपस्थित थे।

### कृष्णा को पीएचडी

**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा शोधार्थी कृष्णा कुर्रे को भूगोल विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध 'छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर बस्तर कांकेर जिले के कालिक बाजार : एक भौगोलिक विश्लेषण' पर आधारित था। उन्होंने अपना शोध कार्य प्रो.अनुसुइया बघेल के निर्देशन में पूर्ण किया। बिलाईगढ़ जिले के ग्राम कोसमकुंडा निवासी है कृष्णा ने भूगोल विषय में एम.फिल, बीएड और बी.लिब की उपाधि प्राप्त करने के साथ नेट, सेट, सीजी टेट, सी टेट भी क्वालिफाई किया है।



### एनजीओ ऑफिस में चोरी

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना में पेशे से पत्रकार तथा एनजीओ संचालक ने उसके अनुपम नगर स्थित कार्यालय से अज्ञात चोर के खिलाफ 95 हजार रुपए के कैमरे तथा कंप्यूटर उपकरण के साथ हार्डडिस्क चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिंकू घोष ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पिंकू ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात उसके ऑफिस का ताला तोड़ चार आलमारियों की लॉक तोड़कर तलाशी ली। एक आलमारी, जिसमें कैमरा रखा था और टेबल पर रखे कंम्प्यूटर उपकरण के साथ हार्डडिस्क चोरी कर ले गया।

# शिवनाथ एक्सप्रेस में 70 लाख की चोरी, सोए यात्री के गहने और अंगूठियां पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिवनाथ एक्सप्रेस में गोंदिया से रायपुर के बीच सफर कर रहे पटेल दंपति का सोने के गहनों और नकद रकम से भरा बैग शुक्रवार को चोरी हो गया। बैग में लगभग 70 लाख रुपए की ज्वेलरी और नकद पैसे थे। यह घटना उस समय घटी, जब दंपति ट्रेन में सो रहे थे।

दुर्ग स्टेशन पर जब उनकी नींद खुली तो उन्हें बैग चोरी होने का एहसास हुआ। इसके बाद दंपति ने तत्काल भिलाई रेलवे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन रात तक चोर का कोई सुराग नहीं मिल पाया। आरपीएफ व जीआरपी सीसीटीवी फूटेज की मदद से मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही आरोपी की पहचान की उम्मीद जताई जा रही है।

- सीसीटीवी फूटेज की मदद से आरपीएफ और जीआरपी मामले की कर रही गहन जांच
- गोंदिया से रायपुर आ रहे थे पटेल दंपति, दुर्ग में बैग चोरी का हुआ एहसास





गोंदिया की एक स्पेशल टीम मामले की जांच कर रही है। आरपीएफ के मुताबिक, चोरी की शिकार यात्री हिना दिनेश भाई पटेल राइस मिल कारोबारी हैं, जो अपने पति के साथ ट्रेन के बर्थ नंबर एसए 1, सीट नंबर 19-21 पर यात्रा कर रही थीं। ट्रेन के डोंगरगढ़ पास से गुजरने के दौरान यात्री ने अपने बैग को देखा था, लेकिन दुर्ग स्टेशन पर जब वह पर्स चेक किया तो वह गायब हो चुका था।

### दो डायमंड सेट, 4 अंगूठियां चोरी

यात्री के बैग में दो डायमंड सेट, चार सोने की अंगूठियां और 45 हजार रुपए नकद थे। यात्री ने बैग को अपने पास ही रखा था, लेकिन चोर ने यात्री की नींद का फायदा उठाकर मौका पाकर चोरी कर ली। दंपति गोंदिया से रायपुर होकर फ्लाइट के जरिए दिल्ली में अपनी बेटी से मिलने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि डोंगरगढ़ से राजनांदगांव के बीच में यह चोरी हुई है। आरपीएफ हर एंगल से इस घटना की पड़ताल कर रही है। टीम मुखबिरी के जरिए भी जांच आगे बढ़ा रही है।

## चार दिन में 100 दुकानों का भौतिक सत्यापन

# राशन दुकानों में गड़बड़ी की जांच करने पहुंची टीम, खाद्यान्न भंडारण का भौतिक सत्यापन भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उचित मूल्य की दुकानों को आबंटित खाद्यान्न के भंडारण में किसी प्रकार की गड़बड़ी तो नहीं की जा रही है, इसके मद्देनजर रायपुर जिले में खाद्य विभाग द्वारा तैयार की गई जांच टीम द्वारा राशन दुकानों में भंडारण सामग्री का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

इसके तहत राशन दुकान एवं उनके गोदाम में भंडारण किए गए चावल, शक्कर एवं नमक के स्टॉक की जानकारी ली जा रही है। साथ ही दुकानदारों द्वारा विभाग द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसका भी निरीक्षण किया जा रहा है। दुकानों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नियमों का पालन नहीं करने की स्थिति में दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई होनी है। इधर खाद्य विभाग के अधिकारी के अनुसार जिले में अब तक 100 दुकानों का निरीक्षण किया जा चुका है।

**राशन दुकान संचालकों को हिदायत- नियम से करें संचालन**

### दुकानों की निगरानी की जा रही

राशन दुकानों में चावल और शक्कर के स्टॉक में गड़बड़ी करने के पूर्व में कई मामले सामने आ चुके हैं। वर्ष 2022 में 100 से अधिक राशन दुकानों में 14 हजार क्विंटल से अधिक चावल की गड़बड़ी भी की गई थी। इस मामले में कई राशन दुकानों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। इस मामले में ज्यादातर राशन दुकानदारों से गायब किए गए चावल के बदले राशि की वसूली की गई है, वहीं कुछ दुकानों को सस्पेंड तो कुछ दुकानदारों के खिलाफ एफआईआर भी कराई गई थी। इस तरह के मामलों को देखते हुए विभाग द्वारा राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन कराकर सतर्कता बरतने के साथ दुकानों की निगरानी की जा रही है, ताकि कोई भी दुकानदार आबंटित किए गए खाद्यान्न में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं कर सके और नियमों के तहत दुकान का संचालन करे।



### गड़बड़ी मिलने पर की जाएगी कार्रवाई

खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देश के तहत जिले में सभी राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। अब तक 100 दुकानों का सत्यापन कर लिया गया है, शेष दुकानों का समय-सीमा के अंदर कर लिया जाएगा। सत्यापन के दौरान गड़बड़ी मिलने पर दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

\- **भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक रायपुर

### 10 अप्रैल तक किया जाना है दुकानों का भौतिक सत्यापन

खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देश के तहत जिले में 10 अप्रैल तक शत-प्रतिशत राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन किया जाना है। सत्यापन का काम एक अप्रैल से शुरू हुआ है। जिले में 707 राशन दुकान हैं, जिनमें से 4 अप्रैल तक लगभग 100 दुकानों का सत्यापन कर लिया गया है। इस तरह शेष 6 सौ दुकानें और बची हुई हैं, जिनके यहां भौतिक सत्यापन किया जाना है। इस तरह विभाग के पास सत्यापन करने के लिए अब मात्र 6 दिन ही बचे हैं। इतने कम दिनों में सभी दुकानों का सत्यापन करना विभाग के लिए चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सत्यापन का काम समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाएगा।

# जिस वार्ड में पेयजल की समस्या आएगी, वहां तत्काल भेजा जाएगा टैंकर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू ने जोन स्तर पर टैंकरों को तैयार रखने दिए निर्देश

गर्मी का सीजन जारी है। इस सीजन में सबसे ज्यादा पानी की दिक्कत होती है। इसे देखते हुए जलकार्य विभाग के अध्यक्ष संतोष साहू ने शुक्रवार को निगम क्षेत्र अंतर्गत जलविभाग के अभियंताओं एवं अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसी भी वार्ड में किसी भी मोहल्ले, बस्ती या कालोनी में पानी की सप्लाई प्रभावित या दिक्कत आती है, तो तत्काल जोन स्तर पर उन स्थानों पर पानी टैंकर भेजा जाए। इसके लिए सभी टैंकरों को तैयार रखें। बैठक में कार्यपालन अभियंता जल नरसिंह फरेंद्र भी उपस्थित थे।

### प्रभावित क्षेत्रों की सूची निगम मुख्यालय सहित गुगल शीट में अपडेट करने के निर्देश

संतोष साहू ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि ग्रीष्मकालीन पेयजल के लिए सभी जोन से समन्वय बनाकर प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर पहुंचाने की चिन्हित सूची निगम मुख्यालय दें तथा उस सूची को निरंतर गुगल शीट में भी अपडेट करें, ताकि इसकी जल कार्य विभाग और निगम के उच्चाधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग और समीक्षा की जा सके। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में पानी पहुंचाने के कार्य का सत्यापन अभियंता द्वारा किये जाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक टैंकर की रसीद काटकर देने के निर्देश दिए।

# परीक्षा दिलाने से चूके खिलाड़ी छात्रों के पर्चे 7 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मुख्य परीक्षाओं के दौरान खेल आयोजनों में भाग लेने वाले छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा 2025 की तारीखों का ऐलान कर दिया है। बोर्ड की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, स्पोर्ट्स के छात्रों के लिए सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 7 से 11 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी, जबकि 12वीं की बोर्ड परीक्षा 11 अप्रैल को आयोजित की जाएगी।

बोर्ड ने अपने आधिकारिक नोटिस में कहा, यह सूचित किया जाता है कि बोर्ड ने अनुमोदित योजना के अनुसार मुख्य परीक्षा 2024-25 के आयोजन के दौरान राष्ट्रीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भाग लेने वाले छात्रों के लिए विशेष परीक्षा की तिथि पत्र तैयार कर लिया है।

**10वीं-12वीं की विशेष समय-सारिणी जारी**



### स्कूल डाउनलोड कर सकते हैं नए प्रवेश पत्र

बोर्ड ने बताया कि ऐसे उम्मीदवारों को 2025 में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं उसी परीक्षा केंद्र पर देनी होंगी, जो उन्हें पहले आवंटित किया गया था। स्कूल इन छात्रों के लिए नए सीबीएसई एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। गौरतलब है कि सीबीएसई ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से 18 मार्च तक आयोजित की, जबकि 12वीं बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से 4 अप्रैल तक आयोजित की गई।

# साधना साहू निर्विरोध जोन 3 की अध्यक्ष बनीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम जोन-3 के अध्यक्ष पद के लिए भी चुनाव कराने की जरूरत नहीं पड़ी। भाजपा ने पार्षद साधना साहू को इस पद के लिए प्रत्याशी घोषित किया था। इस चुनाव में उनके अलावा किसी ने नामांकन नहीं भरा था, इसलिए उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया।

जोन-3 अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को चुनाव था। इस चुनाव में मात्र भाजपा प्रत्याशी साधना साहू ने नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा चुनाव में और किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। इस कारण साधना साहू को निर्विरोध अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे ने उन्हें निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर विशेष रूप से महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, एमआईसी सदस्य संतोष साहू, पूर्व जोन अध्यक्ष डॉ.प्रमोद साहू, पार्षदगण प्रदीप वर्मा, महेश ध्रुव, कैलाश बेहरा, राजेश गुप्ता, पुष्पा रोहित साहू, निगम अपर आयुक्त विनोद, पांडेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिस स्कूल को चुना यूपीएससी ने, उसे ही व्यापम ने बना दिया अपना सेंटर, अब बदला केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यापम को 13 अप्रैल को होने वाली सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के परीक्षा केंद्र में बदलाव करना पड़ा है। यह स्थिति बिलासपुर के एक परीक्षा केंद्र के साथ निर्मित हुई है। दरअसल, व्यापम ने उसी विद्यालय को कृषि संचालनालय के अंतर्गत होने वाली सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के लिए केंद्र बना लिया था, जिसका चुनाव यूपीएससी ने किया था। इसकी सूचना संबंधित केंद्र द्वारा दिए जाने के बाद इसमें बदलाव किया गया है। बिलासपुर जिले के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नूतन चौक सरकंडा को केंद्र बनाया गया था। इसके स्थान पर अब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिंगराजपारा को केंद्र बनाया गया है। व्यापम ने इससे संबंधित विस्तृत अधिसूचना वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ ही कैंडिडेट्स के लिए नवीन प्रवेशपत्र भी अपलोड कर दिए हैं। अभ्यर्थियों से परीक्षा पूर्व नवीन केंद्र आधारित प्रवेशपत्र डाउनलोड करने कहा गया है।

- व्यापम ने शुक्रवार को थोक में जारी किए परीक्षा परिणाम व मॉडल आंसर
- सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र अपलोड

### मत्स्य निरीक्षक के परिणाम इस माह

कृषि संचालनालय के अंतर्गत सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र व्यापम ने जारी कर दिए है। यह परीक्षा 13 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी वेबसाइट के अलावा रजिस्टर्ड नंबर पर एसएमएस के जरिए भेजे गए यूआरल के माध्यम से प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। व्यापम ने परीक्षाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। मछली पालन विभाग के अंतर्गत मत्स्य निरीक्षक की परीक्षा 23 मार्च को आयोजित की गई थी। इसके मॉडल आंसर शुक्रवार को जारी करते हुए 4 अप्रैल तक दावा आपत्ति मांगी गई थी। दावा-आपत्ति की अवधि समाप्त होने के बाद इस माह इसके परिणाम जारी किए जाने की संभावना है।

### बीएड-डीएलएड सहित नर्सिंग के आवेदन शुरू

बीएड और डीएलएड प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन 28 मार्च से प्रारंभ कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी 25 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा 22 मई को आयोजित होगी। राजधानी रायपुर सहित 33 जिला मुख्यालयों में इसके लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें प्राप्त अंकों के आधार पर ही छात्रों को बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रदान किया जाएगा। शिक्षा संबंधित पाठ्यक्रमों के साथ ही नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए भी आवेदन शुरू कर दिए गए हैं। बीएससी नर्सिंग की परीक्षा 29 मई को आयोजित की जाएगी, जबकि एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग की प्रवेश परीक्षाएं 5 जून को निर्धारित है। नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन 2 अप्रैल से प्रारंभ किए गए जा चुके हैं। छात्र 25 अप्रैल तक फॉर्म भर सकेंगे।



दानवीर दाऊ कल्याण सिंह अग्रवाल के नाम से राज्य अलंकरण प्रारंभ करने की मांग

# सीएम बोले- दान धर्म और परोपकार दाऊ अग्रवाल समाज के स्वभाव में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दाऊ अमृष कुमार लक्ष्मेश्वर दयाल, छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन पुरानी बस्ती के लोकार्पण और छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के केंद्रीय पदाधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, दान धर्म और परोपकार दाऊ अग्रवाल समाज के स्वभाव में है। कोरोना काल में जब सब अपने घरों से निकल नहीं पा रहे थे, तब छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज ने सबके भोजन की, विश्वास की और मुस्कान की चिंता की। इस समाज ने धर्म शिक्षा स्वास्थ्य शुद्ध पेयजल जैसे विभिन्न आयाम में दान किया। यह अनुकरणीय है।

श्री साय ने कहा, कोई सोच भी नहीं सकता था, ऐसा दान दाऊ कल्याण सिंह अग्रवाल ने किया है। 1728 एकड़ जमीन कृषि विश्वविद्यालय को दान अद्भुत है। अस्पताल का निर्माण आज भी लोगों को लाभ पहुंचा रहा है और एम्स की जमीन दाऊजी की दूर दृष्टि को साबित करती है। ऐसे दाऊजी को नमन है। कार्यक्रम में रायपुर को बनाने के लिए दान करने वालों का सम्मान किया गया। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने कहा कि आज का कार्यक्रम एक समाज के दायरे में बंद कार्यक्रम नहीं है आज के कार्यक्रम में शहर को शिक्षा स्वास्थ्य संस्कृति धर्म शादी के क्षेत्र में आगे बढ़ाने वाले व दान करने वालों का सम्मान किया जा रहा है। आयोजन में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे व नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव भाजपा, प्रवक्ता नालिनेश ठोकने भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजक छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज की केंद्रीय अध्यक्ष दाऊ अनुराग अग्रवाल ने बताया, दानशीलता दिवस का उद्देश्य आज की युवा पीढ़ी जो आभासी दुनिया में जी रही है उन्हें उनके पूर्वजों के योगदान से अवगत कराना है। मुख्यमंत्री से दानवीर दाऊ कल्याण सिंह अग्रवाल के नाम से राज्य अलंकरण प्रारंभ करने की मांग रखी गई।

### पदाधिकारियों ने ली शपथ

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज की अध्यक्ष पद पर दाऊ अनुराग अग्रवाल सचिव पद पर दाऊ डॉ जेपी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद पर दाऊ अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष पद पर दाऊ अजय दानी, उपाध्यक्ष पद पर दाऊ श्याम अग्रवाल, दाऊ गजेंद्र अग्रवाल, दाऊ डॉ राजेश अग्रवाल, सीता अग्रवाल, सह सचिव पद पर दाऊ यशवंत अग्रवाल, दाऊ संतोष अग्रवाल, दाऊ केशव मुरारी अग्रवाल, निहारिका अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि के पद पर विंध्य अग्रवाल और युवा प्रतिनिधि के तौर पर दाऊ आशीष अग्रवाल ने मुख्यमंत्री द्वारा महाराज अग्रसेन के नाम से शपथ ली।

# लोन दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी, छह गिरफ्तार

- ढाई सौ से ज्यादा लोगों के साथ की है 50 करोड़ से ज्यादा की ठगी
- चिटफंड कंपनी की तर्ज पर बैंक से लोन पास करवाकर कर रहे थे ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिटफंड कंपनी की तर्ज पर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने आधा दर्जन जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने ठगी करने छोटापारा स्थित डीएम प्लाजा में ऑफिस खोलकर लोगों को ठगी का शिकार बनाया।

जालसाजों ने लोगों को लोन पास कराने तथा लोन से प्राप्त आधी रकम को अपने कंपनी में निवेश करने पर पूरी लोन की राशि जमा करने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। जालसाजों ने ढाई से ज्यादा लोगों के साथ 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है। कोतवाली पुलिस ने ठगी करने के आरोप में ठगी के मास्टर माइंड अभय कुमार गुप्ता उर्फ अभयकांत गुशी, सुरेंद्र सिंह करियाम, मनोज कुमार भगत, रागिब हुसैन उर्फ वासु, विभा वर्मा तथा पूजा यादव को गिरफ्तार किया है। जालसाज आरवी ग्रुप के नाम से कंपनी संचालित कर रहे थे। कंपनी का किसी तरह से पंजीयन नहीं हुआ है। जालसाज गुमाश्ता लाइसेंस लेकर कंपनी संचालित कर रहे थे।



### ऐसे करते थे ठगी

थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराने वाले त्रिभुवन सिंह ने पुलिस को बताया है कि जालसाज ग्राहकों को अपने जाल में फंसाने के लिए लोन दिलाने के नाम पर पहले उनके दस्तावेज हासिल करते थे। इसके बाद उन लोगों के लिए अलग-अलग बैंक से लोन पास कराते थे। लोन पास कराने के बाद जालसाज अपने ग्रुप में लोन की 50 प्रतिशत राशि निवेश करने पर उनकी ईएमआई फर्म द्वारा भरे जाने का आश्वासन देते थे। कुछ महीनों तक मासिक किस्त जमा कर विश्वास हासिल करते थे। बाद में किस्त की राशि जमा करना बंद कर लोगों को ठगी का शिकार बनाया।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# अहाता का ठेका समाप्त पियक्कड़ों की आई शामत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अहाता में पीने पहुंच रहे पियक्कड़ों को पुलिस पकड़ रही

देशी के साथ अंग्रेजी शराब दुकान के पास संचालित अहाता का ठेका 31 मार्च को समाप्त हो गया है। इसकी जानकारी शराब पीने वाले ज्यादातर लोगों को नहीं है। इनमें ज्यादातर मजदूर वर्ग के शराब पीने वाले लोग शामिल हैं। जिन लोगों को अहाता का ठेका समाप्त होने की जानकारी नहीं है, वे अब भी शराब पीने अहाता पहुंच रहे। ऐसे में पुलिस ऐसे लोगों के खिलाफ सार्वजनिक जगह पर शराब पीने का अपराध दर्ज कर थाना ला रही है।

अहाता का नए सिरे से ठेका देने की प्रक्रिया चल रही है। पूर्व में जो ठेका संचालित हो रहा था, वहां अब भी ठेकेदार का अहाता का स्ट्रक्चर खड़ा है। ऐसे में ठेका बंद होने की जानकारी के अभाव में मजदूर वर्ग के लोग अहाता में शराब पीने पहुंच रहे हैं। ठेका बंद होने की वजह से खाली जगह पर मजदूर चखना, पानी, गिलास लेकर अहाता के पास बैठकर शराब पी रहे हैं। पुलिस द्वारा पकड़ कर ले जाने की स्थिति में ऐसे लोगों के खिलाफ कोर्ट में जुर्माना पटाने के साथ मौके पर मामला सलटाने कार्रवाई करने पहुंचे पुलिसकर्मी की अलग से सेवा सत्कार करनी पड़ रही है।

# राज्य सूचना आयुक्त के एक पद के लिए 72 दावेदार

रायपुर। प्रदेश में राज्य सूचना आयुक्त के एक पद के लिए 72 दावेदार सामने आए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने दावेदारों के नामों को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। राज्य सूचना आयुक्त के पद के लिए पूर्व आईएएस संजय अलंग, अमृत खलखो, उमेश कुमार अग्रवाल जैसे कई अधिकारियों ने आवेदन किया है। इसी के साथ अधिवक्ता, नेता, आरटीआई एक्टिविस्ट और पत्रकारों ने भी आवेदन किए हैं। इससे पहले मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए 26 मार्च को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बनी सर्च कमेटी ने आवेदकों का इंटरव्यू किया था। इस इंटरव्यू में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा समेत कई रिटायर्ड अधिकारी भी शामिल हुए थे। सामान्य प्रशासन विभाग अब नामों का पैनल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता वाली कमेटी को भेजेगा। किसी एक नाम पर अंतिम मुहर यह कमेटी ही लगाएगी। इस कमेटी में नेता प्रतिपक्ष के साथ राज्य सरकार की ओर से नामित किए गए एक मंत्री को रखा जाता है। राज्य सूचना आयुक्त के रिक्त पदों को भरने के लिए नामों का चयन भी यही कमेटी करेगी।

पेज 11 के शेष

### मां परमेश्वरी मंदिर...

सहभागिता दिखाई। मां परमेश्वरी मन्दिर में प्रथम दिन से लेकर अन्तिम दिवस तक रोजाना पूजा-अर्चना के साथ प्रसादी का वितरण किया गया। हवन कार्य के दिन भी सभी ने माता रानी के सम्मुख जनकल्याण की कामना और समाज के विकास के निरंतर प्रगति की अर्जी लगाई। इस दौरान मुन्ना महराज, गया राम देवांगन, रामचरण देवांगन, लक्ष्मण बोलबम देवांगन, भरत देवांगन, शत्रुहन देवांगन, दिनेश देवांगन, राजु देवांगन, रामकुमार देवांगन, गजेन्द्र देवांगन, शिवलाल देवांगन, अजीत देवांगन, मनीष वर्मा, मुरली, छगन, सरपंच मया वंशे एवं उपसरपंच लोमश देवांगन सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मोहरा में तीन ...

सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी श्री राम भक्त परिवार व नन्द नन्दन मानस परिवार के सदस्य श्री कुलदीप यदु ने दी। उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे इस आयोजन में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

### बच्चों के चहुंमुखी ...

उन्होंने कहा कि आज खेल के क्षेत्र में बहुत अवसर है। खेल में रोजगार के अवसर के साथ ही देश प्रदेश का नाम रोशन करने का गौरव हासिल होता है।राज्य सरकार हर जिले में खेल संसाधनों में निरंतर वृद्धि कर रही है। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने बच्चों को बेहतर कैरियर के लिए महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयारी स्कूली शिक्षा से ही शुरू हो जाती है। लक्ष्य तय कर आत्मविश्वास के साथ तैयारी करना जरुरी है। कुछ करने की ठान लेने से वह जरूर मिल जाता हैं। उन्होंने कहा कि कई बार मार्गदर्शन नहीं मिल पता है जिससे सही निर्णय कर पाने में कठिनाई होती है। निश्चय कर लेने से संसाधन की कमी नहीं रोक पाती हैं। आज डिजिटल प्लेट फार्म पर अध्ययन की कई सुविधाएं उपलब्ध है।



## खबर संक्षेप

### हसुवा में सात से श्रीमद् भागवत कथा

**गिधौरी।** ग्राम हसुवा बलौदा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक महापुराण का शुभारंभ 7 अप्रैल से हो रहा है। व्यासपीठ पर राष्ट्रीय कथावाचिका सुश्री पूजा किशोरी कथा सुनाएगी, जहां राधे कृष्ण की भक्तिमय रसधारा बहेगी।



कथा का समय दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक है। कथा प्रसंग में 7 अप्रैल को वेदी पूजन देव आह्वान और कथा महात्म्य, 8 को परीक्षित जन्म सुकदेव आगमन कपिल चरित्र, 9 को सती चरित्र ध्रुव चरित्र प्रहलाद चरित्र, 10 को समुद्र मंथन की कथा वामनावतार श्रीराम कथा और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव नंदोत्सव, 11 को बाल लीला गोवर्धन पूजा, 12 को महारास लीला रूख्मणी मंगल विवाहोत्सव, 13 को सुदामा चरित्र परीक्षीत मोक्ष कथा विश्राम चढ़ोत्तरी और 14 अप्रैल को यज्ञ–हवन–पूर्णाहुति– सहस्त्रधारा विसर्जन के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का समापन होगा। आयोजन को लेकर समस्त ग्रामवासी गांधी चौक जुटे हुए हैं। उक्त धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु भक्त बढ़ चढ़कर भाग लेंगे।

### बेसिक बेकरी प्रशिक्षण में युवाओं ने सीखा होममेड पिज्जा, केक बनाना

**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत धनेली में आयोजित बेसिक बेकरी प्रशिक्षण का समापन समारोह गुरुवार को संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 17 महिलाओं ने भाग लिया। ये कक्षाएं 27 मार्च से 3 अप्रैल तक चलीं, जिसका प्रशिक्षण सनील जांगड़े ने दिया। उन्होंने महिलाओं को होममेड पिज्जा, केक, कुकीज, केक डेकोरेशन आदि बनाने की तकनीक सिखाई। साथ ही घर पर आसानी से स्वादिष्ट केक कैसे बनाया जा सकता है, इसके लिए कुछ खास टिप्स और ट्रिक्स भी साझा किए। इस तरह के कार्यक्रम ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकते हैं। केयर स्किल फाउंडेशन की तरफ से अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, विजय कुमार निषाद, हरीश्वर दास और भूमिका साहू, माधव तांडी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### दोपहर बाद तेज हुई धूप 8 से पुनः वर्षा का दौर

**रायपुर।** मौसम का मिजाज सुधरने के बाद शुक्रवार दोपहर बाद धूप तेज हो गई है और अगले तीन दिन में गर्मी पुराने तेवर में आने की उम्मीद है। अधिकतम तापमान में अगले तीन दिनों में करीब 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी के आसार हैं। इसके बाद पुनः बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी मौसम में बदलाव करेगी और 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक मध्य हिस्से में वर्षा होने की संभावना बनेगी। इस दौरान कुछ एक इलाके में अंधड़ चलने और बादल छाए रहने की संभावना है। शुक्रवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 35.6 और बिलासपुर का सर्वाधिक 36.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

### दीपक को पार्टी से किया निष्कासित

**रायपुर।** त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बिलाईगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर दीपक टंडन को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

### शहर सीरतुन्नबी कमेटी का सदर चुनाव 20 को

**रायपुर।** शहर सीरतुन्नबी फाउण्डर मेंबर संचालन कमेटी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कमेटी के सदर चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कमेटी में 1108 मेंबर बने हैं। 12 अप्रैल को चयनित उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी तथा चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। मतदान 20 अप्रैल को सालेम इंग्लिश स्कूल मोतीबाग में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। विजयी उम्मीदवार की घोषणा उसी दिन मतगणना की प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात की जाएगी। मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा निर्वाचित उम्मीदवारों का नाम घोषित कर उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

**द्वितीय चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण एवं तृतीय चरण 5 से 31 मई तक समाधान शिविर लगेंगे**

# तीन चरणों में होगा सुशासन तिहार, प्रथम चरण में 8 अप्रैल से प्राप्त किये जाएंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में 8 अप्रैल से सुशासन तिहार का आयोजन होगा। यह तिहार सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आवेदन प्राप्त किये जायेंगे, द्वितीय चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण एवं तृतीय चरण 5 से 31 मई तक समाधान शिविर आयोजित होंगे। इसमें आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति की जानकारी देने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में सुशासन तिहार की तैयारी को लेकर एसडीएम, जनपद सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नोडल अधिकारीयों की ऑनलाइन बैठक लेकर युद्धस्तर पर तैयारी में जुट जाने के निर्देश दिये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल भी उपस्थित थीं।

### जिले में है 519 पंचायतें

कलेक्टर सोनी ने बताया कि तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के कुल 519 ग्राम पंचायतों में से 8 से 15 ग्राम पंचायतों को मिलाकर एक क्लस्टर बनाना है, जिसमें से उपयुक्त ग्राम पंचायत में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार लगभग 50 से 55 क्लस्टर में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह नगर पंचायतों में 5–5 एवं नगर पालिकाओं में 8–8 समाधान शिविर आयोजन हेतु उपयुक्त स्थल चिन्हांकित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी समाधान शिविरों में सभी विभागों के विकासखंड स्तर के अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे और अपने विभाग से सम्बंधित आवेदनों के निराकरण की जानकारी देंगे।



### प्रत्येक शिविर के लिए प्रभारियों की लगेगी ड्यूटी

प्रत्येक शिविर के लिए शिविर प्रभारी की भी नियुक्ति की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी शिविर आयोजन एवं संचालन के लिए होगी। उन्होंने सुशासन तिहार आयोजन की तैयारी के लिए ग्राम पंचायत सचिव, पटवारी, कोटवार, आरआई, रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक, आरएईओ सब इंजीनियर की बैठक लेकर आवश्यक जानकारी देने के निर्देश सभी एसडीएम को दिये। उन्होंने समाधान शिविर आयोजन के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं गांवों मुनादी कराने के भी निर्देश दिये।

### प्राप्त आवेदनों का बारिश से पहले निराकरण करना होगा

कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ग्रामीण एवं नगरीय निकाय क्षेत्र की समस्याओं को बारिश से पहले निराकरण सुनिश्चिक्त करना है। सुशासन तिहार के सफल आयोजन हेतु पंचायत, क्लास्टर, विकासखंड एवं जिला स्तर पर अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने सुशासन तिहार के प्रथम चरण अंतर्गत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी रखने के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि समाधान पेटी सभी ग्राम पंचायतों, सीएससी, विकासखंड मुख्यालयों, नगरीय निकायों के सभी वार्डों, बाजारों तथा जिला स्तर पर संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित सम्पर्क केंद्र में समाधान पेटी रखी जाएगी।

### आवेदन लेने पंचायतों में व्हीएलई की तैनाती होगी, पोर्टल में अपलोड होंगे

आवेदन लेने पंचायतों में व्हीएलई की भी तैनाती होगी। आवेदकों को आवेदन देने के लिए प्रारूप भी उपलब्ध कराये जाएंगे एवं ऑनलाइन माध्यम से भी आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की पावती में समाधान शिविर की तिथि व स्थल की जानकारी दी जाएगी। आवेदन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक दे सकेंगे। प्रत्येक आवेदन को पोर्टल में पंजीकृत कर ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा।

### आवेदकों को दी जायेगी पावती

आवेदन लेने एवं पावती देने के लिए भी प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी दी जाएगी। आवेदनों के दास्तवेजीकरण के लिए क्लस्टर स्तर पर क्लस्टर प्रभारी, विकासखंड स्तर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। इसी तरह कंट्रोल रूम राजस्व अनुभाग स्तर पर स्थापित किये जायेंगे। जिला स्तर पर कंट्रोल रुम जिला कार्यालय के संपर्क केंद्र में स्थापित होगा। दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आवेदनों का निराकरण गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ गुणवत्तापूर्ण तरीके से करना है। शिकायत से सबंधित आवेदनों का शतप्रतिशत एवं मांग से सम्बंधित आवेदनों की पात्रता, उपयोगिता एवं बजट उपलब्धता के अनुसार किया जाना है। उन्होंने आवेदनों के निराकरण की मॉनिटरिंग के लिए भी नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिये।

# हिंदू नववर्ष पर अर्जुनी में निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

ग्राम पंचायत अर्जुनी में 4 अप्रैल को हिंदू नववर्ष पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा काली मंदिर से बाजार चौक, वितराग चौक, महामाया मंदिर, मावली चौक, बजरंग चौक, शारदा चौक, दुर्गा चौक, गणेश चौक होते हुए गांव की गलियों का भ्रमण किया गया। शोभायात्र में श्री रामचंद्र, वीर हनुमान, छत्रपति शिवाजी महाराज, रानी लक्ष्मी बाई इत्यादि वेशभूषा में झांकी निकाली गई। शोभायात्र के दौरान सभी भगवा रंग में रंगे रहे।

■ जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा नगर

बच्चे बूढ़े और युवा शोभायात्रा में शामिल थे। शोभा यात्रा में सनातन प्रेमियों ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर भाग लिया।

जय श्रीराम, भारत माता की जय से अर्जुनी गुंजायमान हो गया। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने गले लगा कर एवं हाथ जोड़कर एक दूसरे को हिंदू नववर्ष की बधाई दी। इस सांस्कृतिक त्यौहार को अपनी युवा पीढ़ी और उसके महत्व को जन–जन तक पहुंचाने तथा भारतीय संस्कृति की रक्षा के उद्देश्य से संजीदा होने का संदेश दिया।



### हिंदू संस्कृति के लिए नवरात्रि अत्यंत पावन

सेवानिवृत शिक्षक एवं समाजसेवी गंगा प्रसाद यदु ने कहा कि हिंदी संस्कृति के लिए नवरात्रि अत्यंत पावन है। ऐसे में चैत्र नवरात्रि हमारे नव सवत्सर का नया आगाज होता है। इसलिए यह आयोजन कर सभी हिंदुओं को ऊर्जा के सूत्र में पिरोने के लिए किया गया है। शोभायात्रा के दौरान जनपद सदस्य प्रतिनिधि त्रिलोक यादव, सरपंच कविता ध्रुव, गंगा प्रसाद यदु, पुरुषोत्तम वर्मा, तुलाराम वर्मा, संतोष वर्मा, राधेश्याम वर्मा, सचिन सेन, वर्षा साहू, धनेश्वरी वर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

# पंचायत सचिवों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी नगाड़े बजाकर हनुमान चालीसा का करेंगे पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीयकरण की मांग को लेकर आंदोलन में बैठे पंचायत सचिवों की मांग पर राज्य सरकार की ओर से किसी तरह पहल नहीं होने से अब पंचायत सचिव संगठन आंदोलन को और उग्र करने का ऐलान किया है। इसके तहत 2 अप्रैल से चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। अब सरकार को जगाने नगाड़ा बजाएंगे, हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। क्रमिक भूख हड़ताल से लेकर रामायण गाकर नगाड़ा बजाकर विरोध करेंगे।

9 अप्रैल को जनपद स्तर पर रामायण गान करेंगे, 10 अप्रैल को धरना स्तर पर महावीर जयंती मनाएंगे, 11 अप्रैल को जनपद स्तर पर क्रमिक भूख धरना स्थल पर एवं 12 अप्रैल को सरकार की सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे, 14 अप्रैल को धरना स्थल पर बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे, 15 से 19 अप्रैल तक जनपद स्तर पर क्रमिक भूख हड़ताल, 20 अप्रैल को प्रदेश के सभी सचिव जंतर मंतर दिल्ली कूच करेंगे। 21 अप्रैल से दिल्ली के जंतर मंतर में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ जाएंगे। जिसके लिए पंचायत सचिवों द्वारा रेल मार्ग से जाने टिकट बुकिंग प्रारंभ कर दी गई है।



### 7 अप्रैल को जिला स्तर पर रैली निकालेगें

पंचायत सचिव 6 अप्रैल तक जनपद स्तर पर हड़ताल 7 अप्रैल को जिला स्तर पर रैली निकाल कर प्रधानमंत्री के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। इस संबंध में ब्लॉक पंचायत सचिव संघ तिल्दा नेवरा जिला रायपुर के ब्लॉक अध्यक्ष भरत लाल वर्मा, संगठन सचिव एवं रायपुर जिला मीडिया प्रभारी कोमल प्रसाद साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी चिंतामणी साहू ने बताया कि मोदी की गारंटी होने के बाद भी पंचायत सचिव की एकमात्र मांग शासकीयकरण को 1 साल गुजर जाने के बाद भी पूरा नहीं किया जा रहा है। पंचायत सचिव करीब माहभर से आंदोलन कर रहे हैं। इसके बावजूद उनकी मांगों को सरकार लगातार अनसुना कर रही है। ऐसे में शासन प्रशासन को जगाने अब चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इसके बावजूद भी मांगें पूरी नहीं हुई तो प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आव्हान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। 8 अप्रैल को जनपद स्तर पर नगाड़ा बजाकर विरोध जताएंगे।

## गोंडवाना सामूहिक विवाह का सफल आयोजन समाज ने कलेक्टर का जताया आभार



**पलारी।** ध्रुव गोंड़ समाज लवन महासभा का प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर बलौदाबाजार दीपक सोनी एवं वरिष्ठ जिला पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात की और लाहोद में हुए 29 जोड़ा वर-वधु का गोंडवाना सामूहिक विवाह लाहोद के सफल आयोजन के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार जताया। इस अवसर पर लवन महासभा के अध्यक्ष शिव सिंह नेताम, उपाध्यक्ष आशाराम, महासचिव जनक राम ध्रुव, लाहोद चक अध्यक्ष राजकुमार ध्रुव, लाहोद चक मन्त्री दौलत राम, संचालक देवेंद्र सिंह ध्रुव, विवाह समिति उदे राम ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, भानु ध्रुव, जिला सचिव थानू ध्रुव उपस्थित थे।

# मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की बाइक रैली 10 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का महाअधिवेशन 13 एवं 14 अप्रैल को राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित होना है। इसकी तैयारी जोरों पर है। इसी तारतम्य में परिक्षेत्रीय बैठक डंगनिया, डीडी नगर, रायपुरा, अश्वनी नगर, रामकुंड, तात्यापारा के प्रमुखों की बैठक आयोजिक की गई, जिसमें 10 अप्रैल को सद्भावना बाइक रैली दोपहर 3 बजे मोवा से निकलकर इंडोर स्टेडियम जाएगी, जिसमें समाज के लगभग 1000 से अधिक लोगों की सहभागिता रहने की रूपरेखा बनाई गई। कार्यक्रम के प्रथम दिवस कलश यात्रा में 500 महिलाएं भाग लेंगी, जो शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुए इनडोर स्टेडियम पहुंचेंगी। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन 14 अप्रैल को किया जाना है, जिसमें अधिक से अधिक जोड़े सम्मिलित होने की अपील की गई है। बैठक में केंद्रीय महामंत्री यशवंत वर्मा, महिला अध्यक्ष सरिता बघेल, युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, रायपुर राज प्रमुख जागेश्वर वर्मा, राज मंत्री बृजराज वर्मा, सचिव सुनील नायक, राज महिला अध्यक्ष मंजू धुरंधर, क्षेत्र प्रधान चंद्रिका परगनिहा, भारती चंद्रवंशी, रामकुमार वर्मा, पुष्पलता वर्मा, चंद्र शेखर वर्मा, हरीश वर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।



## देश की सेवाकर लौटे सैनिक मुकेश का गृहग्राम में हुआ सम्मान

**मुड़पार-सरसीवां।** जन जागरण मिशन बिलासपुर–टाटा के सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने सेना में सेवाएं देकर लौटे मुकेश साहू को उनके सेना में सेवाकार्य पूर्ण कर घर वापसी पर भव्य स्वागत किया। मुकेश साहू सैनिक के रुप में देश की सेवा पूर्ण कर 1 अप्रैल अपनी जन्मभूमि बिलासपुर पहुंचने से पहले उनके स्वागत की तैयारी शुरू कर दी थी। उनके स्वागत में सरसीवां से ग्राम बिलासपुर – टाटा तक रैली निकाली गई। जगह–जगह ग्राम वासियों द्वारा उनका स्वागत–सत्कार किया गया। अंत में उनके निवास स्थान पर स्वागत सभा का आयोजन किया गया। जनजागरण मिशन के राजेश कुमार जायसवाल ने मुकेश के माता–पिता की प्रशंसा की। समारोह में मुकेश ने समस्त ग्राम वासियों एवं जनजागरण मिशन के सदस्यों को उनको दिए सम्मान के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में धनेश्वर साहू, राकेश डहरिया, शंभू मानिकपुरी, मोरध्वज साहू, प्रदीप मानिकपुरी, दुर्गेश साहू, पालेश्वर साहू, पुरुषोत्तम साहू, गौरव साहू, राजेन्द्र कुमार, ग्राम टाटा व बिलासपुर के सरपंच, उपसरपंच एवं उनके मित्रगण और ग्रामीण उपस्थित थे।



**भक्तों ने मां दुर्गा की आराधना कर सुख-शांति व समृद्धि की कामना की**

# अष्टमी पर हुआ हवन, भक्तिमय हुआ वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर भालुकोना स्थित चितावर धाम में भक्तों द्वारा हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और मां दुर्गा की आराधना कर सुख–शांति व समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, इसके बाद विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधिवत हवन सम्पन्न कराया गया।

हवन कुंड के चारों ओर बैठकर श्रद्धालुओं ने आहुति अर्पित की और स्वाह के उच्चारण के साथ वातावरण भक्तिमय बनाया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया और पूजा सामग्री के साथ देवी मां को प्रसन्न करने हेतु विशेष अनुष्ठान किए। धाम परिसर को सुंदर रूप से सजाया गया था और भक्ति गीतों की गूंज से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण था। आयोजन के पश्चात भंडारे की भी व्यवस्था की गई थी, जिसमें सभी उपस्थितजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से चितावर धाम लगातार क्षेत्र में सामाजिक और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बना हुआ है। आयोजकों ने बताया कि नवरात्रि की नवमीं को कन्या पूजन का आयोजन भी धाम परिसर में हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा।



online Booking:-www.tripuryatra.com




23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)

राशिः-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411